(i) कानून के समक्ष समानता

(ii) कानून द्वारा समान संरक्षण

इसका अभिप्राय है कि कानून की दृष्टि में सभी समान हैं। समान परिस्थितियाँ होने पर सब पर एक समान ~~लाग~~ कानून लागू होगा। समानता के इस नियम के कुछ अपवाद भी बताए गए हैं। धारा 14 तर्कसंगत वर्गीकरण की अनुमति देती है। लेकिन वर्ग - विधान का निषेध करती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अनेक निर्णयों में यह स्पष्ट किया है कि समानता एक गतिशील प्रत्यय है। इसे परम्परागत अथवा सिद्धांतगत सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता।

धारा 14 के आधार पर विभिन्न न्यायालयों द्वारा अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह कहा गया है कि प्रवेश सम्बंधी कि किसी भी योजना का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध करवाते हुए सर्वोत्तम व उच्चतम योग्यता वाले नागरिकों का चयन करना होता है। यह बात व्यावसायिक शिक्षा संस्थाओं के सम्बन्ध में कही गई है।

(4) कुछ विशेष शैक्षणिक संस्थाएँ जिनमें धर्म शिक्षा और धार्मिक पूजा के अवसरों पर उपस्थिति सम्बन्धी स्वतन्त्रता :→

अनुच्छेद 25 धारा 1 के अनुसार "भारत सरकार संवैधानिक दायित्व को समझते हुए इस बात का आश्वासन देती है कि प्रत्येक नागरिक को किसी भी धर्मानुचरण, धर्मपालन और धर्म का प्रचार करने का का पूरा- पूरा अधिकार है।

जबकि अनुच्छेद 28 धारा 1 में कहा गया है कि जो संस्थाएँ पूर्ण रूप से राज्य सरकार के अनुदान के सहारे चलती हैं उन शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा देने पर पूर्णरूप से पाबन्दी है। इसके साथ-साथ अनुच्छेद 28 की धारा 2 में कुछ ऐसी संस्थाएँ, जिनका प्रबन्ध तो राज्य सरकार करती है परंतु जिनकी स्थापना किसी धार्मिक ~~ट्रस्ट~~ ट्रस्ट ने की हो, वहाँ धार्मिक शिक्षा देने की छूट दी गई है।

अनुच्छेद 28 की धारा 3 में यह भी कहा गया है कि चाहे जो भी व्यक्ति राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था या सरकार से अनुदान प्राप्त करने वाली

संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। उसमें दी जाने वा
किसी धार्मिक शिक्षा में भाग नहीं लेगा या ~~सरकार~~ से
उस संस्था में धार्मिक स्थान, धार्मिक पूजा - स्थल
भाग नहीं लेगा।

③ ⑥ समानता का अधिकार (15 व 16) →

अनुच्छेद 15

1. राज्य अपने नागरिकों को शिक्षा देने में समानता का अ
दूसरे शब्दों में सभी नागरिक शिक्षा प्राप्त करने का
अधिकार रखते हैं।
2. राज्य पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन
शैक्षिक या सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के उत्थान
उन्हें कुछ विशेष सुविधाएं दे सकता है। ऐसा करना स
के नियम का उल्लंघन नहीं है।

अनुच्छेद 16 (1) के अनुसार रोजगार के अवसर या रा
अधीन किसी ऑफिस में नियुक्ति की गारण्टी देती है।
16(2) के अनुसार यह घोषणा करती है कि किसी
नागरिक को केवल धर्म, प्रजाति, जाति, लिंग वंश
परम्परा, जन्म स्थान या निवास ~~स्थ~~ स्थान आदि
भी आधार पर किसी रोजगार या राज्य के अधीन
में नियुक्ति के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा या उसके
किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा।

⑤ शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े हुए नागरिकों
स्त्रियों की शिक्षा :→

अनुच्छेद 15 के एक संशोधन
अनुसार राज्य को यह शक्ति और अधिकार दिया गया
पिछड़े नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था और प्रबंध
ताकि उनके सम्पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहें।

अनुच्छेद
अन्तर्गत राज्यों को नारी शिक्षा के सन्दर्भ में यह आधि

दिए गए हैं कि राज्य बिना किसी हस्तक्षेप के नारी शिक्षा के लिए विशेष व्यवस्था कर सकते हैं। नारी शिक्षा के क्षेत्र में वेद समाज से लेकर आजादी के बाद वर्तमान समय तक बहुत सार्थक बदलाव व प्रगति हुई है।

अनुच्छेद 46 के अनुसार राज्य के पिछड़े वर्गों खासतौर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा पक्षों तथा धार्मिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए उनके हितों को सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए और उनको हर प्रकार का सामाजिक न्याय दिलवाया जाए।

हिन्दी भाषा का अधिकार :→ धारा 351 हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने व इसके विकास के साथ सम्बन्ध रखती है। इस धारा में यह प्रावधान किया गया है कि हिन्दी अन्य भाषाओं विशेष रूप से संस्कृत की शब्दावली को आत्मसात कर सकती है। यह धारा केंद्र पर यह दायित्व डालती है कि वह हिन्दी भाषा के विकास व इसे बढ़ावा देने का प्रयास करे जिससे इसे अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया जा सके। लेकिन यह किसी नागरिक को यह अधिकार नहीं देती कि वह उस संस्था को हिन्दी माध्यम से शिक्षा देने के लिए बाध्य करे जहाँ उसने प्रवेश लिया है।

विकलांगों के लिए शिक्षा का अधिकार :→ शैक्षिक प्रावधानों में विकलांगों के लिए शिक्षा का अधिकार भी है। विकलांगों को शिक्षा देकर उनमें आत्मविश्वास व आत्मसम्मान को विकसित करना चाहिए ताकि वे राष्ट्र के भावी नागरिक बन सकें।

कृषि शिक्षा :→ अनुच्छेद 48 के अनुसार "यदि राज्य चाहे तथा यदि उत्तरदायित्व को स्वीकार करने में सक्षम हो तो वह आधुनिक व वैज्ञानिक दृष्टि से कृषि व पशुपालन का संगठन करने, नस्लों का संरक्षण व सुधार करने हेतु कदम उठा सकता है।

⇒ V^th Topic :→ Nationalism, (राष्ट्रीयता) and Education

⇒ Introduction :→

जब किसी समाज के सारे व्यक्ति नि
निर्दिष्ट भौगोलिक सीमा के अन्दर अप
पारस्परिक भेद-भावों को भुलाकर सामूहीकरण की भावना
से प्रेरित होते हुये एकता के सूत्र में बँध जाते हैं तो उसे
राष्ट्र के नाम से पुकारा जाता है। राष्ट्रवादियों का मत है
" व्यक्ति राष्ट्र के लिए है राष्ट्र व्यक्ति के लिए नहीं। इस
दृष्टि से प्रत्येक व्यक्ति अपने राष्ट्र का अभिन्न अंग होता

⇒ Meaning of Nationalism :→

राष्ट्रीयता का अर्थ
राष्ट्र के नागरिकों की एक
की भावना से होता है। यह भावना किसी भी राष्ट्र के विका
के लिए अति आवश्यक है। सभी देश अपने नागरिकों में
राष्ट्रीयता का विकास करने में लगे हुए हैं। राष्ट्र के प्रति
प्रेम-भावना ही राष्ट्रीयता है। किसी भी व्यक्ति का राष्ट्र
अलग होकर कोई अस्तित्व नहीं होता।

राष्ट्रीयता की भाव
जन्म अट्ठारवीं शताब्दी में फ्रांस की महान क्रांति के पश्च
ही हुआ है। देश-प्रेम का अर्थ उस स्थान से प्रेम रख
है जहाँ व्यक्ति जन्म लेता है। देश-प्रेम की भावना
प्राचीन काल से ही पाई जाती है।

⇒ Definitions of Nationalism :→

(1) डॉ० हुमायूं कबीर के अनुसार :→ " राष्ट्रीयता वह है जो राष्
के प्रति अपनत्व की भावना पर आधारित होती है।"

(2) कोठारी शिक्षा आयोग की रिपोर्ट के अनुसार :→ "राष्ट्रीयता एक उग्र रूप का सामाजिक संगठन है जो एकता के सूत्र में बँधकर सरकार की नीति को प्रसारित करता है।"

(3) ब्रूवेकर के अनुसार :→ "राष्ट्रीयता साधारण रूप में देश-प्रेम की अपेक्षा देश भक्ति के अधिक व्यापक क्षेत्र की ओर संकेत करती है।"

Nationalism and Education

प्रत्येक राष्ट्र की उन्नति अथवा अवनति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना किस सीमा तक विकसित हुई है। यदि नागरिक राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत हैं तो राष्ट्र उन्नति के ~~शिक्ष~~ शिखर पर चढ़ता रहेगा। इस राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने में शिक्षा अहम् भूमिका निभाती है। शिक्षा की अहम् भूमिका इस प्रकार है।

(1) राजनीतिक एकता :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा से राष्ट्र में राजनीतिक एकता का विकास होता है। राजनीतिक एकता का अर्थ है कि राष्ट्र में जातीयता, प्रान्तीयता तथा समाज के वर्ग भेदों से ऊपर उठाकर राष्ट्र के विभिन्न प्रांतों, सामाजिक इकाइयों तथा जातियों में एकता का होना।

(2) सामाजिक उन्नति :→ राष्ट्र की उन्नति अथवा अवनति उसकी सामाजिक स्थिति पर भी बहुत कुछ आधारित होती है। सामाजिक कुरीतियाँ, अंध-विश्वास तथा दोषपूर्ण रीति-रिवाज राष्ट्र की प्रगति में बाधक सिद्ध होते हैं तथा उसे पतन की ओर ढकेल देते हैं। राष्ट्रीयता की शिक्षा इन सभी दोषों को दूर

करके नागरिकों में समानता का ऐसा स्वस्थ वातावरण
करती है जो राष्ट्र को निर्मल स्वच्छता की ओर ले

③ आर्थिक उन्नति :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा से राष्ट्र की
कारीगर तथा उद्योग-धंधे पनपते हैं। ऐसी शिक्षा को
करके राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक 'किसी-न-किसी धंधे में
करते हुए परिश्रम करता है। इस प्रकार राष्ट्रीयता की
के द्वारा राष्ट्र की दिन-प्रतिदिन उन्नति होती है।

④ संस्कृति का विकास :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा राष्ट्र की
का संरक्षण, विकास, हस्तान्तरण करती है। यदि राष्ट्री
की शिक्षा की व्यवस्था उचित रूप से नहीं की गई
राष्ट्र की संस्कृति विकसित नहीं होगी। परिणामस्वरूप
उन्नति की दौड़ में पिछड़ जायेगा।

⑤ भ्रष्टाचार का अंत :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा के द्वारा राष्ट्र
भ्रष्टाचार का अंत हो जाता है। ऐसी शिक्षा प्राप्त करके
नागरिक राष्ट्रीयता भावना से ओत-प्रोत हो जाते हैं
राष्ट्रीयता की शिक्षा प्राप्त करके राष्ट्र का कोई व्यक्ति
ऐसा निन्दनीय कार्य नहीं करता जिससे राष्ट्र की
में बाधा आये।

⑥ स्वार्थ त्याग की भावना का विकास :→ राष्ट्रीयता की
के द्वारा राष्ट्र के सभी नागरिकों में आत्म-त्याग की भ
विकसित हो जाती है जिसके परिणामस्वरूप उनकी सभी
स्वार्थपूर्ण भावनायें समाप्त हो जाती हैं। इससे राष्ट्र सु
उन्नतिशील तथा शक्तिशाली बन जाता है।

राष्ट्रीय भाषा का विकास :→ प्रत्येक राष्ट्र अपने नागरिकों को किसी अमुख भाषा के द्वारा राष्ट्र की सम्पूर्ण विचारधारा तथा साहित्य की शिक्षा प्रदान करके समाज की विभिन्न इकाइयों, राज्यों तथा जातियों एवं प्रजातियों को एकता के सूत्र में बाँधने का प्रयास करता है। इससे राष्ट्रीय भाषा का विकास हो जाता है।

राष्ट्रीयता की शिक्षा के दोष :→

संकुचित राष्ट्रीयता का विकास :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा बालकों में संकुचित राष्ट्रीयता का विकास करती है। इस प्रकार की शिक्षा का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है जो आँख मूँदकर राष्ट्र के उद्देश्यों का पालन करते रहें तथा उसकी सेवा करते हुए अपने जीवन को अर्पण कर दें।

व्यक्ति की स्वतंत्रता की उपेक्षा :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा व्यक्ति के विकास को लक्ष्य न मानकर उसे राष्ट्र की उन्नति का साधन बना देती है। ऐसी शिक्षा से व्यक्ति का व्यक्तित्व पूर्णतया दब जाता है जिससे उसका समुचित विकास नहीं हो पाता।

कट्टरता का विकास :→ राष्ट्रीय शिक्षा नागरिकों में कट्टरता की भावना का विकास करके उन्हें अपने देश के लिए बलिदान देना सिखाती है। इसका परिणाम यही होगा कि यदि देश में कुछ बुराइयाँ भी होंगी तो भी उनको प्रोत्साहन ही मिलता रहेगा।

4. युद्ध :→ कभी-कभी कट्टर राष्ट्रीयता के कारण युद्ध छिड़ जाता है। जब राष्ट्रीय शिक्षा द्वारा नागरिकों में कट्टर राष्ट्रीयता की भावना विकसित हो जाती है तो वे अपनी के गर्व में आकर दूसरे राष्ट्रों पर आक्रमण भी कर

5. पृथकत्व की भावना का विकास :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा कारण राजनीतिक पृथकत्व की भावना बड़े वेग के सा विकसित हो जाती है। यही कारण है कि संसार का भी राष्ट्र विश्व सरकार में विश्वास नहीं करता।

6. स्वार्थपरता तथा अनैतिकता को प्रोत्साहन :→ राष्ट्री शिक्षा केवल अपने ही देश की उन्नति पर बल देती इससे एक देश के नागरिकों को दूसरे देशों की उन्न देखकर ईर्ष्या पैदा हो जाती है। राष्ट्रीयता की भा से प्रेरित होकर एक राष्ट्र अपने स्वार्थ को पूरा के लिए दूसरे राष्ट्रों का विध्वंस करने तथा उन्हें हा के लिए भी सदैव तैयार रहता है।

7. घृणा तथा भय का विकास :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा राष्ट्र को ही सर्वश्रेष्ठ मानती है। इससे एक राष्ट्र के नागरिकों के मन में अन्य राष्ट्रों के प्रति घृणा उ हो जाती है। घृणा के भाव भय के संवेग को भी जन्म देते हैं।

8. सभ्य जीवन में बाधक :→ राष्ट्रीयता की शिक्षा मान सभ्य जीवन की निरन्तर कभी-कभी बाधक भी सिद्ध हो जाती है। इसका कारण है कि सभ्य जीवन के लिए मानवीय गुणों का होना आवश्यक है।

Topic

⇒ National Integration :→ राष्ट्रीय एकता

⇒ Introduction :→

भारत एक विशाल देश है। इस विशालता के कारण इस देश में हिन्दू, मुस्लिम, जैन, ईसाई, पारसी तथा सिक्ख आदि विभिन्न धर्मों तथा जातियों एवं सम्प्रदायों के लोग रहते हैं। और इन सब के धर्मों व जातियों में अनेक भिन्नताएं पाई जाती हैं। भिन्नता होते हुए भी रहन-सहन ढंगों, ~~आज~~ आचार-विचार तथा ~~रस्ते~~ आदि में एकता भी पाई जाती है। इस एकता का आधार भारतीय संस्कृति की एकता है जिसे अलग-अलग तत्वों में विघटित करना असम्भव है।

Meaning of National Integration :→

राष्ट्रीय एकता का अर्थ है कि हम जाति, प्रांत धर्म या वर्ग विशेष से सम्बन्धित होते हुए भी स्वयं को एक राष्ट्र का नागरिक समझें तथा राष्ट्रीय हितों के लिए अपने जातीय प्रांतीय या धार्मिक हितों को त्यागने के लिए तैयार रहें। भारत विविधतापूर्ण देश है। यहाँ अलग-2 धर्मों को मानने वाले, भिन्न-भिन्न जातियों से सम्बंध रखने वाले तथा अलग-अलग ~~स~~ राज्यों की संस्कृति तथा विभिन्न भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं, परंतु जब वे इन सबको भूलाकर परस्पर एकता के सूत्र में बँध जाते हैं, एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखते हैं तो यही राष्ट्रीय एकता है।

Definitions of National Integration :→

(1) हरबर्ट रिजले के अनुसार :→ "राष्ट्रीय एकता अपने में

की भावना, स्वच्छ प्रशासन का विश्वास और पारस्परिक सद्भाव सम्मिलित किए हुए हैं।"

(ii) राष्ट्रीय एकता सम्मेलन (1961) के अनुसार :→ "राष्ट्रीय एकता एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा लोगों के हृदय में एकता, घनिष्ठता, लगाव, सम्मान, समान नागरिकता और राष्ट्र भक्ति की भावना का विकास किया जाता है।"

Need of National Integration :→

डॉ कानूनगो के अनुसार :→ "राष्ट्रीय एकता की हर देश को आवश्यकता है किन्तु भारत के लिए इसकी कही अधिक आवश्यकता है।

1 विविधता में एकता बनाये रखने के लिए :→ विविधता में एकता हमारी संस्कृति की महत्त्वपूर्ण विशेषता है। इस विशेषता के कारण भारतीय संस्कृति विख्यात रही है। इसकी इस विशेषता को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता का होना बहुत आवश्यक है।

2. राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए :→ आज हमारे सामने सबसे बड़ी आवश्यकता राष्ट्रीय सुरक्षा की है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए राष्ट्र के सभी नागरिकों में आपसी प्रेम व विश्वास का होना आवश्यक है। हमारे देश में अलगाववादी शक्तियाँ सिर उठा रही हैं इन बुरी शक्तियों को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता है।

3. प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिए :→ प्रजातंत्र की सफलता ऐसे नागरिकों पर निर्भर करती है जो भ्रातृत्व, समानता और न्याय जैसे मूल्यों में विश्वास रखते हैं तथा दूसरों के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हैं तथा प्रेम, सहिष्णुता सहयोग तथा सहानुभूति जैसी भावनाओं से युक्त है। ये सब राष्ट्रीय एकता द्वारा ही सम्भव है।

4. राष्ट्रीय विकास के लिए :→ आज हम तेज गति से राष्ट्रीय विकास करना चाहते हैं। यदि हम जाति, धर्म या भाषा के आधार पर आपस में लड़ते-झगड़ते रहेंगे तो राष्ट्रीय विकास की बात भी नहीं सोची जा सकती। इसलिए राष्ट्रीय विकास के लिए हम सबका एक होना बहुत आवश्यक है।

5. मानवीय मूल्यों के विकास के लिए :→ आज केवल भारत में ही नहीं, बल्कि सारे संसार में मानवीय मूल्यों के विकास की आवश्यकता महसूस की जा रही है, क्योंकि मानवीय मूल्यों का निरन्तर पतन हो रहा है। अतः इन मूल्यों की पुनः स्थापना के लिए राष्ट्रीय एकता का विकास करना आवश्यक है।

6. शान्तिपूर्ण वातावरण के लिए :→ आज का व्यक्ति बहुत अशांत, अधिक स्वार्थी हो गया है। परिणामस्वरूप देश में भी अशान्ति का वातावरण है। यदि हम देश में शान्ति का वातावरण स्थापित करना चाहते हैं, तो इसके लिए राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता है।

⇒ राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधाएँ :→

① **प्रान्तीयवाद :→** प्रत्येक देश प्रशासन का कार्यक्रम कुशलता से चलाने के लिए अपने आपको प्रान्तों में बाँट देता है। वास्तविकता तो यह है कि समस्त प्रान्त एक ही देश के भाग हैं, परन्तु बड़े दुःख से कहना पड़ता है कि बहुत से प्रान्तों के आपसी सम्बन्ध मधुर नहीं हैं।

② **जातिवाद :→** भारत में विभिन्न जातियों के लोग रहते हैं जैसे वैश्य, शूद्र, क्षत्रिय तथा ब्राह्मण आदि। इन जातियों में भी अनेक उपजातियाँ हैं। उस समय जाति विभाजन कर्म के आधार पर होता था न कि जन्म के आधार पर और एक व्यक्ति के एक जाति से दूसरी जाति में प्रवेश करने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता था परन्तु समय के साथ-साथ जातीयता के बन्धन और भी कठोर होते गए। जातिवाद का सबसे बड़ा कुप्रभाव चुनावों के समय देखने को मिलता है। जब तक लोगों में जातीयता की भावना रहेगी तब तक राष्ट्रीय एकता की बात सोची भी नहीं जा सकती।

③ **भाषावाद :→** जब हमारा देश इतना विशाल है तो यह बात स्वाभाविक है कि इसमें बहुत सी भाषाएँ बोली जाती होंगी। भारतीय संविधान के अनुसार हिन्दी को राष्ट्र भाषा घोषित किया गया है। तथा 22 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को मान्यता दी गई है। परन्तु देश में भाषावाद अपना ~~भद्दा~~ भद्दा सिर ऊपर उठा रहा है। उदाहरण के तौर पर दक्षिणी भारत में विशेषकर तमिलनाडु में हिन्दी विरोधी आंदोलन चलता रहता है। पंजाब में भी बहुत बार हिन्दी विरोधी आंदोलन चलाया गया है।

classmate
Date
Page

(4) क्षेत्रीयवाद :→ क्षेत्रीयवाद भी एक प्रकार से प्रान्तीयता का एक रूप है। क्षेत्र के नाम से देश के विभिन्न भागों मे प्राय: हिंसक तनाव भड़कता ही रहता है। शैक्षिक संस्थाओं में क्षेत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। क्षेत्रों के आधार पर बहुत से राज्यों में सेनाएँ बन गई हैं।

(5) साम्प्रदायिकता :→ भारत एक विशाल देश है। इस देश में भिन्न - भिन्न धर्मों के लोग जैसे - हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई आदि निवास करते हैं। इसी प्रकार विभिन्न धर्मों में भी अलग - अलग विश्वास के लोग है जैसे — हिन्दुओं में सनातनी तथा आर्यसमाजी आदि, मुसलमानों में सिया और सुन्नी, सिक्खों में निरंकारी, नामधारी, ईसाइयों में कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट आदि इनके उदाहरण है। परन्तु दुख की बात यह है कि विभिन्न धर्मों तथा उनके सम्प्रदायों में आपसी सद्भावना का होना तो एक तरफ बल्कि आपसी झगड़े होते रहते हैं। इन झगड़ो के कारण राष्ट्रीय एकता नष्ट हो रही है।

(6) राष्ट्रीय चरित्र का अभाव :→ भारत में राष्ट्रीय चरित्र का अभाव है। राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण करने में एक अच्छे नेतृत्व की आवश्यकता है जो कि भारत में इस समय उपलब्ध नहीं है। नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है और अराजकता तथा अशान्ति का युग चल रहा है। इनके कारण नागरिक स्वार्थ की भावना के लिए राष्ट्रीयता की भावना भूल रहे हैं।

(7) राजनीतिक दल :→ लोकतंत्र में राजनैतिक दलों का अपना महत्व है क्योंकि इनके द्वारा नागरिकों में राष्ट्रीय जागरूकता

का निर्माण होता है। हमारे देश में राजनैतिक दलों का संगठन राजनैतिक विचारधाराओं के आधार पर किया जाता है न कि राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर। भारत में राजनैतिक दलों का संगठन जाति, धर्म, सम्प्रदाय और क्षेत्र के आधार पर किया जाता है। और इन्हीं का सहारा लेकर वोट माँगे जाते हैं।

(8) असमानता :→ देश भर में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा धार्मिक असमानता व्याप्त है। धनी व निर्धन में अन्तर बढ़ता जा रहा है। इस असमानता के युग में राष्ट्र की ओर किसी का भी ध्यान नहीं जाता। सभी अपने स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हैं।

(9) आर्थिक विषमताएँ :→ राष्ट्रीयता के मार्ग में आर्थिक कारण भी बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। हमारा देश निर्धन देशों की गिनती में आता है। यहाँ की 50% से भी अधिक जनसंख्या निर्धनता रेखा से नीचे अपना जीवन-यापन कर रही है तो दूसरी ओर देश की चार या पाँच प्रतिशत जनसंख्या के पास देश का 30% से भी अधिक धन है। जब तक ये विषमताएँ है तब तक भारत में राष्ट्रीय एकता का विकास असम्भव है।

(10) अनुचित शिक्षा :→ भारत में शिक्षा को राज्यों का विषय माना जाता है। इस नियम के अनुसार भारत का प्रत्येक राज्य अपनी-अपनी आवश्यकताओं तथा शक्ति के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों के शिक्षकों के वेतनों में भारी विषमता है। इससे शिक्षकों में एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्या की भावना विकसित हो गई है। जब राष्ट्र के निर्माताओं में ही ईर्ष्या की भावना विकसित हो गई हो तो फिर राष्ट्रीय एकता असम्भव है।

⇒ शिक्षा की राष्ट्रीय एकता में भूमिका :→

1. शिक्षा के उद्देश्यों में परिवर्तन :→ आज हमारे देश में सैद्धान्तिक रूप में शिक्षा के अनेक उद्देश्यों को स्वीकार किया गया है, परन्तु हम देख रहे हैं कि हमारी शिक्षा परीक्षा प्रधान है, उसमें बच्चों के स्वास्थ्य, आचरण और भावनाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा के उद्देश्य स्पष्ट हो और उसके उद्देश्यों में एक उद्देश्य राष्ट्रीय एकता का विकास भी हो।

2. शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन :→ विद्यालयों के पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया जाए और उसमें समाज सेवा तथा राष्ट्रीय सेवा के कार्यों को अनिवार्य किया जाए। राष्ट्रीय पर्व एवं राष्ट्रीय त्यौहारों को मनाना भी इसमें सम्मिलित होना चाहिए। पाठ्यक्रम में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास से सम्बन्धित विषयों को भी रखा जाना चाहिए।

3. शिक्षण - विधियों में सुधार :→ शिक्षण की उन विधियों का चुनाव करना चाहिए जिनमें अध्यापक सभी बच्चों की समान रूप से सहायता कर सकें और सभी बच्चों को अपनी-२ योग्यताओं के अनुसार विकसित करने के समान अवसर मिल सके।

4. पाठ्य-पुस्तकों में सुधार :→ पाठ्य पुस्तकों में आवश्यक संशोधन किया जाए और उनमें राष्ट्रीय एकता में सहायक होने वाली सामग्री का समावेश होना चाहिए। इसके लिए देश की विभिन्न सभ्यता एवं संस्कृतियों से सम्बन्धित विषय सामग्री

का चुनाव किया जाए। राष्ट्र के व्यापक हितों की दृष्टि से विभिन्न विषयों की विषय-वस्तु की पुनर्व्यवस्थित करने की आवश्यकता।

5. पाठ्य-सहायक क्रियाओं की भूमिका :→ राष्ट्रीय और भावात्मक विकास के लिए स्कूल में कई पाठ्य सहायक क्रियाओं को आयोजित किया जा सकता है। इनमें से कुछ निम्नलिखित क्रियाएँ हैं —

(i) राष्ट्रीय दृष्टि से महत्त्वपूर्ण दिवस मनाना
(ii) देश के महापुरुषों के जन्म दिन मनाना
(iii) विभिन्न धार्मिक उत्सव मनाना
(iv) सांस्कृतिक उत्सव करना चाहिए
(v) शैक्षिक यात्राएँ होनी चाहिए

6. सामान्य समान व्यवहार :→ शिक्षा के क्षेत्र में जाति, धर्म, सम्प्रदाय और अन्य किसी प्रकार के वर्ग भेद को समाप्त किया जाए। विद्यालय में अध्यापक आदि का चुनाव या बच्चों का प्रवेश योग्यता के आधार पर हो। छात्र-वृत्तियाँ भी योग्यता के आधार पर दी जाएँ।

7. धार्मिक और नैतिक शिक्षा :→ राष्ट्रीय शिक्षा के लिए धार्मिक और नैतिक शिक्षा का होना बड़ा जरूरी है। धार्मिक तथा नैतिक शिक्षा से चरित्र का निर्माण होता है। व्यक्ति एक ही ईश्वर में विश्वास रखते हैं ऐसे लोग संकीर्ण भावनाओं के नहीं होते इनमें भावात्मक एकता आ जाती है

8. पुस्तकालय :→ पाठशालाओं के पुस्तकालयों में अधिक और ठीक प्रकार की पुस्तकें होनी चाहिए। पुस्तकालयों में

ऐसी पुस्तकें अधिक होनी चाहिए जिनको पढ़ने से राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन मिले न कि दूसरे धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के लोगों के प्रति घृणा के भाव आए।

9. राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली :→ यदि शिक्षा ने राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ करने की भूमिका अच्छी तरह से निभानी है तो राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना होगा। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि एक प्रांत की शिक्षा दूसरे प्रांत से अलग है। कोठारी आयोग ने भी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली लागू किए जाने के प्रति बल दिया था।

10. विद्यार्थियों में प्रजातांत्रिक मूल्यों का विकास करना :→ यदि स्कूलों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना है तो विद्यार्थियों के अंदर प्रजातांत्रिक गुणों का विकास करना होगा। जैसे →
(i) समानता (ii) बन्धुता (iii) सहानुभूति (iv) सहनशीलता
(v) स्वतंत्रता (vi) अच्छी नागरिकता

11. राष्ट्र की विभिन्नताओं का आदर :→ हमें बच्चों में देश के विभिन्न जातियों, धर्मों और संस्कृतियों के प्रति प्रेम उत्पन्न करना चाहिए और उनमें सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक उदारता का विकास करना चाहिए

12. अन्तर्प्रान्तीय प्रदर्शनियाँ :→ विद्यालयों में अन्तर्प्रान्तीय स्तर की प्रदर्शनियों के लगाने का भी आयोजन करना चाहिए। इन प्रदर्शनियों में देश की सभ्यता एवं संस्कृति की झाँकी प्रस्तुत करनी चाहिए।

VIIth Topic :→ Education for International Understanding

अन्तर्राष्ट्रीय समझ के लिए शिक्षा

Introduction :→

आज समस्त विश्व के देश इस प्रकार अन्तर्सम्बन्धित हैं कि कोई भी राष्ट्र अलग रह कर प्रगति करने का साहस नहीं कर सकता। आज विश्व-नागरिकता का भी उतनी ही महत्व है जितना राष्ट्रीय नागरिकता का। इसलिए लोगों में यह भावना भी होनी चाहिए कि हम सब एक ही विश्व के सदस्य हैं।

Meaning of International Understanding :→

अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का अर्थ है- विश्व-नागरिकता। यह भावना इस बात पर बल देती है कि संसार के प्रत्येक मानव में भाई-चारे के सम्बन्ध हों तथा वसुधा एक कुटुम्ब के समान प्रतीत हो। इस दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना विश्व मैत्री तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना पर आधारित होते हुए मानव के कल्याण पर बल देती है। दूसरे शब्दों में, अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना विश्व के समस्त राष्ट्रों तथा उनके नागरिकों के प्रति प्रेम, सहानुभूति तथा सहयोग की ओर संकेत करती है।

Definition of International Understanding :→

(i) ओलिवर गोल्डस्मिथ :→ "अन्तर्राष्ट्रीयता एक भावना है जो व्यक्ति को यह बताती है कि वह अपने राज्य का ही

सदस्य नहीं है बल्कि विश्व का नागरिक भी है।"

(ii) के० जी० सैमदेन के अनुसार :→ "अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना एक ऐसा मंत्र है जिससे मानवता का कल्याण हो सकता है।"

⇒ Need for International Understanding :→

① संसार में समस्त राष्ट्रों में भिन्न-भिन्न रंग-रूप तथा जाति एवं धर्म के लोग रहते हैं, परंतु उन सबकी मानवीय आत्मा एक है। इस एकता का आभास कराने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास परम आवश्यक है।

② आधुनिक युग में विश्व के सभी राष्ट्र एक-दूसरे के इतने निकट आ गये हैं कि एक राष्ट्र में होने वाली घटना अन्य राष्ट्रों को भी प्रभावित करती है। उनमें आपस में भय बना रहता है तथा अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए अथवा युद्ध की तैयारी में लगे रहते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना होने से वे अपनी शक्ति का प्रयोग मानव कल्याण के लिए कर सकते हैं

③ प्रत्येक मनुष्य में प्रेम, दया, सहानुभूति तथा मित्रता आदि मानवीय गुण पाये जाते हैं। और इन गुणों को बनाये रखने में अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का होना आवश्यक है।

④ भारत में अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकसित होना और भी आवश्यक इसलिए है क्योंकि दीर्घकालीन संघर्ष के पश्चात हम हाल ही में दासता की बेड़ियों से मुक्त हुए और हमारा अन्य राष्ट्रों के साथ सम्बन्ध स्थापित करना ज्यादा आवश्यक है।

(5) शिक्षा के द्वारा प्रत्येक नागरिक अपना स्वतंत्र मत प्रकट करने से पूर्व प्रत्येक समस्या पर स्वतन्त्रतापूर्वक विचार कर सके। इस दृष्टि से भी अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास होना परम आवश्यक है।

(6) आधुनिक युग निर्भरता का युग है, इसलिए मिलजुल कर रहने, कंधे से कंधा मिलाकर चलने तथा एक राष्ट्र को दूसरे राष्ट्र की सहायता एवं सहयोग देने से ही सबका कल्याण है। ऐसी स्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का विकास करना केवल आवश्यक ही नहीं है अपितु अनिवार्य भी है।

अन्तर्राष्ट्रीय समझ की शिक्षा के सिद्धान्त :→
Principles of Education for International Understanding :→

(1) **उदारता एवं स्वतंत्र चिंतन का विकास :→** अन्तर्राष्ट्रीय विवेक की शिक्षा को प्रमुख रूप से वैज्ञानिक चिंतन की आदत का निर्माण करना चाहिए जिसमे उदारता, स्वतंत्र चिंतन तथा शुद्ध निर्णय शक्ति का विकास होता है। इसी आदत से लोगों को अच्छे-बुरे तथा सत्य और झूठ में भेद करने की योग्यता प्राप्त होती है।

(2) **सहिष्णुता का सिद्धान्त :→** संसार के सभी देशों को अपने पारस्परिक सम्बन्धों में 'जिओ और जीने दो' के आदर्श को अपनाना चाहिए। सहानुभूति विवेक का अभाव संसार में शत्रुता को पैदा करता है। इसलिए सहयोग तथा सह-अस्तित्व की भावना पर बल देना चाहिए। शिक्षा अन्तर्राष्ट्रीयवाद के बीज बोने के लिए उपजाऊ भूमि प्रदान करेगी।

classmate
Date
Page

③ अन्तर्सम्बन्ध का सिद्धान्त :→ अन्तर्राष्ट्रीय विवेक की शिक्षा अन्तर्सम्बन्ध के सिद्धान्त पर आधारित होनी चाहिए। आधुनिक विश्व का कोई भी देश अकेला नहीं रह सकता। प्रत्येक देश को अपनी भौतिक, सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री तथा विवेक से ही सभी देशों की आवश्यकता पूरी हो सकती है।

④ सच्ची देश भक्ति का सिद्धान्त :→ अपने देश से प्यार व्यापक मानवता के मार्ग में बाधा नहीं बनना चाहिए। जब तक देश भक्ति को अन्तर्राष्ट्रीयवाद से सम्बन्धित न किया जाए तब तक विश्व शान्ति की नींव दृढ़ नहीं हो सकती।

⑤ भय को दूर करने का सिद्धान्त :→ विश्व के राष्ट्रों में परस्पर संदेह तथा ईर्ष्याएँ विद्यमान हैं, इसी भय के कारण ही सभी देश विनाशकारी शस्त्रों से युक्त बड़ी-बड़ी सेनाएँ रखने पर विवश हो रहे हैं। व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय जीवन में भय को समाप्त करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को मानव में विश्वास तथा अपने में साहस रखकर आगे बढ़ना चाहिए

⑥ ठीक आदर्शों पर बल :→ अन्तर्राष्ट्रीय विवेक की शिक्षा में ठीक आदर्तों पर बल दिया जाना चाहिए। प्रजातान्त्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को अपने आप को श्रेष्ठ तथा दूसरों को हीन नहीं समझना चाहिए। इससे भेद-भाव उत्पन्न होता है जो राष्ट्रों के परस्पर संघर्ष का बुनियादी कारण है। धैर्य और आत्म-विश्वास का विकास होना चाहिए।

classmate
Date
Page

(7) कर्म का सिद्धान्त :→ केवल सैद्धान्तिक ज्ञान पर्याप्त नहीं। कर्म और ज्ञान मानव प्रगति के रथ के दो पहिये हैं। एक-दूसरे के बिना लंगड़ा है। इसलिए हमें नवयुवकों को ऐसा शिक्षण प्रदान करना चाहिए कि वे अन्तर्राष्ट्रीय एकता एवं मैत्री की सेवा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विवेक के सैद्धान्तिक ज्ञान को कार्यान्वित कर सकें।

(8) निर्भरता का सिद्धान्त :→ मानव जाति एक संगठित वर्ग है। इस वर्ग का सदस्य एक-दूसरे पर किसी न किसी वस्तु के लिए निर्भर रहता है। किसी भी राष्ट्र को स्वयं ही अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। अतः शिक्षा की व्यवस्था इस प्रकार करनी चाहिए कि बालकों की समझ में यह बात आ सके कि हम सब एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

(9) सामाजिक चेतना का सिद्धांत :→ अन्तर्राष्ट्रीय जीवन को स्वस्थ बनाने के लिए सामाजिक चेतना को विकसित करना परम आवश्यक है। इसलिए शिक्षा की व्यवस्था इस प्रकार से की जानी चाहिए कि बालकों के दिल में सामाजिक कल्याण, सामाजिक आभार एवं उत्तरदायित्व की भावनायें उत्पन्न हो सके।

(10) सामूहिक उत्तरदायित्व का सिद्धांत :→ के० जी० सैयदेन का मत है कि अन्तर्राष्ट्रीयता की शिक्षा सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धान्त पर अवलम्बित होनी चाहिए। इस सिद्धान्त के अनुसार प्रत्येक बालक को आरम्भ से ही इस बात की शिक्षा देनी चाहिए कि समस्त संसार एक है यह बँट नहीं सकता।

⇒ **Curriculum :→** अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना की शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम एक सशक्त साधन है। हमारे स्कूलों और विश्वविद्यालय में प्रचलित परम्परागत पाठ्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीयवाद की सम्भावनाओं को पूरा नहीं करता। अतः अन्तर्राष्ट्रीयवाद में निर्देशक सिद्धान्तों की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम का पुनः निर्माण तथा पुनर्गठन होना चाहिए। पुनः निर्माण का अर्थ है कि पाठ्यक्रम में सम्मिलित सभी विषयों और क्रियाओं द्वारा विद्यार्थियों को उस संसार में ले जाना चाहिए जिसके वे सदस्य हैं। राष्ट्रीय भावना के विकास की दृष्टि से पाठ्य-पुस्तकों को फिर से लिखा जाना चाहिए और दूसरा विभिन्न विषयों की शिक्षण-विधियों और शैलियों का पुनः निर्माण करना चाहिए।

⇒ **Libraries :→** पाठशालाओं के पुस्तकालयों में ऐसी पुस्तकें रखी जानी चाहिए जिनको पढ़ने से अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना को बढ़ावा मिले। परंतु कितने अफसोस की बात है कि हमारे स्कूलों में प्रायः पुस्तकालय के महत्त्व को नहीं समझा जाता। इसलिए बहुत से स्कूल तो ऐसे हैं जिनके में कोई पुस्कालय है ही नहीं और जिन स्कूलों में छोटा-मोटा पुस्तकालय है भी वहाँ पुस्तकों का चयन करते समय अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के बारे में ध्यान ही नहीं रखा जाता है। ऐसा भी देखने में आया है कि प्रायः पुस्तकालय के अधिकारी विद्यार्थियों में पुस्तकें वितरण करने में संकोच करते हैं।

⇒ **Exhibitions (प्रदर्शनियाँ) :→** दूसरे देशों की कला, संस्कृति तथा उनके जीवन की विशेषताओं को प्रकट करने वाली प्रदर्शनियों की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस प्रकार की प्रदर्शनियों में विभिन्न देशों के उद्योगों, सिक्कों तथा अन्य

वस्तुओं को चित्रित किया जाता है। इन प्रदर्शनियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है। जिससे अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना को बढ़ावा मिलता है।

⇒ **Role of the Teacher :→** अध्यापक का विश्व समाज और अन्तर्राष्ट्रीयवाद में विश्वास होना चाहिए। केवल तभी वह विद्यार्थियों में अन्तर्राष्ट्रीय भावना का निर्माण कर सकेगा। अध्यापक को इस बात का निश्चय होना चाहिए कि उसके विद्यार्थी अन्तर्राष्ट्रीयवाद को क्रियात्मक विश्वास के रूप में बदल रहे हैं। उसे विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

⇒ **School Management :→** बालकों में अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के विकास के लिए रेडियो, टेलीविजन तथा प्रेस आदि भी महत्वपूर्ण साधन हैं परंतु इस भावना को विकसित करने के लिए स्कूल का विशेष महत्व है। इसलिए स्कूल की व्यवस्था सहयोग के आधार पर होनी चाहिए तथा बालकों को व्यक्तिगत कार्य के स्थान पर सामूहिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे उनमें समूह के प्रति सद्भावना, अनुशासन, सहयोग, दया तथा सहनशीलता आदि गुणों का विकास होगा। स्कूल का समस्त वातावरण इस प्रकार का होना चाहिए कि बालकों के अन्दर परिवर्तन में विश्वास, आग्रह तथा अनुरोध एवं बन्धुत्व की भावनायें विकसित हो जायें।